**खबर संक्षेप**

## बिजली विभाग द्वारा काटे जा रहे हैं कनेक्शन

**नारायणगंज।** मार्च के महीने के शुरू होते ही बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिजली बिल की शेष राशि वसूल करने के लिए ऊपर से दबाव डाला जाता है जिससे उपभोक्ताओं के घर के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं विभाग द्वारा बतलाया गया कि नारायणगंज में चार लाख रुपए बिजली बिल की बकाया राशि है जिसमें 150 उपभोक्ता के कनेक्शन काटे गए हैं विद्युत विभाग नारायणगंज के कनिष्ठ उपयत्री राहुल सिंह द्वारा बताया गया है कि 31 मार्च तक बकाया राशि जमा नहीं होने पर लोगों के बैंक खाता सीज काराय जाएंगे अपने खाते सीज करने से बचे एवं समय पर बिजली बिल का भुगतान करें ताकि घरों के बिजली कनेक्शन कटे ना जाएं समय समय पर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए उनके घर-घर जाकर बिजली ऑनलाइन भुगतान के लिए कहा जा रहा है शीघ्र ही अपने बिजली बिल के भुगतान करें एवं असुविधा से बचें

## 25 मार्च को अजय याग्निक द्वारा बिनोद रंग मंच में होगा संगीत मय सुंदर कांड का वाचन

**भुआबिछिया।** नगर भुआ बिछिया में पहली बार नगर के विनोद रंग मंच में संगीत मय सुंदर कांड वाचक अजय याग्निक (दिल्ली) का 25 मार्च दिन मंगलवार को आगमन हो रहा है। अजय याग्निक द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ वाचन विनोद रंग मंच रामलीला मैदान में शाम 5 बजे संपन्न किया जा रहा है, सुंदर कांड पाठ के बाद गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती सम्पन्न की जाएगी कार्यक्रम के समापन में भंडारा प्रसाद वितरण होगा आयोजक समिति ने नगर एवं क्षेत्र के सभी सनातनी रामभक्तों, धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि उक्त कार्यक्रम में सहभागी बन कर पुण्य धर्म लाभ अर्जित करें।

### युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर दिलाना प्राथमिकता-कलेक्टर

# जिले में रोजगार युवा संगम का आयोजन

*** नगरपालका टाऊनहॉल में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगरपालिका परिषद के टाऊनहॉल में रोजगार युवा संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि युवा साथियों को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर दिलाना शासन की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के माध्यम से इच्छुक युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने के साथ-साथ शासन की स्वरोजगार से जुड़ी हुई विभिन्न योजनाओं से युवाओं को लाभान्वित कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, उद्यम क्रांति योजना, बिरसामुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आने वाले समय में निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार पाने के लिए आवेदन एवं साक्षात्कार की तैयारियों के संबंध में काउंसलिंग कैम्प लगाए जाएंगे।




कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल विकास के लिए शासन की ओर से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं, शिक्षित युवा कौशल विकास के प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार स्थापित करें और आने वाले समय में रोजगार मांगने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, एलडीएम श्री सुजय कुमार, जीएमडीआईसी श्री नंदकिशोर वास्कले, प्राचार्य आईटीआई श्री आरएस वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।



**जिले में स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं - श्री संजय कुशराम**

रोजगार युवा संगम में उपस्थित युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि मंडला जिले में संसाधनों की कमी नहीं है। यहाँ स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। इस दिशा में कार्य कर हमारे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में तेजी से आर्थिक प्रगति करने वाला देश है किन्तु बढ़ती हुई जनसंख्या हमारे लिए रोजगार के अवसर दिलाने में नई चुनौतियां उत्पन्न करती हैं। देश व प्रदेश की सरकारें औद्योगिक क्षेत्र विकास के साथ-साथ लघु एवं मध्यम दर्जे के उपक्रमों को भी बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। हमारे युवाओं का शासन की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

### 130 आवेदकों ने कराया पंजीयन, 72 का हुआ प्रारंभिक चयन

रोजगार युवा संगम में 130 युवाओं ने ऑनलाईन तथा ऑफलाईन पंजीयन कराया। निजी क्षेत्र की 10 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं की काउंसलिंग की। उपस्थित युवाओं में से 72 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया है। साथ ही 6 युवाओं को अप्रेन्टिस के लिए सिलेक्ट किया गया है। कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहिमूलक योजनाओं-मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, बिरसामुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्यामामा आर्थिक कल्याण योजना, पिछड़ा वर्ग उद्यम क्रांति योजना के 32 हितग्राहियों को स्वीकृति/वितरण पत्र प्रदान किए गए।

# मध्य प्रदेश केसरी कुश्ती स्पर्धा का उद्घाटन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आज शाम 4:00 बजे इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ मध्य प्रदेश के द्वारा 21 से 23 मार्च 2025 को सूरजकुंड धाम मंडला में राज्य स्तरीय मीनी, जूनियर, सीनियर, पुरुष,महिला एवं मध्य प्रदेश केसरी किताब स्पर्धा का उद्घाटन शाम 4:00 बजे माननीय जिला अध्यक्ष श्री उमेश मिश्रा के मुख्य अतिथिय में, श्री रजत सकलेजा (पुलिस अधीक्षक मंडला) एवं कपिल मालैया प्रदेश (अध्यक्ष भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश) एवं अर्जुन यादव (प्रदेश महासचिव भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश) एंव कार्यक्रम कि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा (उपाध्यक्ष भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश) मे शुभारंभ किया जाएगा। भारतीय शैली कुश्ती संघ मंडला के अध्यक्ष गुलाब मर्दारिया ने बताया कि कल सुबह 12:00 से प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए पहलवानों का वजन सूर्यकुंड धाम में लिया जावेगा एवं शाम 4:00 बजे से कुश्ती का रंगारंग शुभारंभ होगा। संतोष कुशवाहा (सदस्य मध्य प्रदेश कुश्ती संघ) ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पहलवान अपनी कुश्ती कल का प्रदर्शन करेंगे। संरक्षक सुमंत उपाध्यक्ष, शिवराज कछवाहा, राजुल ज्योतिषी, संतोष सोनू भलावी (जनपद अध्यक्ष मंडला), अखिलेश कछवाहा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंडला) चंद्रशेखर सिंधिया, जी.एल. नीखर, नरेश सिंधिया (पार्षद), संदीप कछवाहा आदि अन्य सदस्यों ने कुश्ती प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग सूरजकुंड धाम पहुंचकर लुप्त होती पारंपरिक भारतीय कुश्ती को प्रोत्साहित करने हेतु अपनी गरिमामय उपस्थिति देने की अपील की है।

## कलेक्टर ने विनीता को चैक देकर की आर्थिक सहायता

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष सरदार पटेल वार्ड लालीपुर निवासी विनीता साहू ने आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। आवेदन की पात्रता का परीक्षण कराते हुए कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार 1 सौ रूपए का चैक देकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। चैक पाकर विनीता ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती के बाद नर्मदा भक्तों ने खेली फूलों की होली मां नर्मदा के लगाए जयकारें



**मण्डला।** रंगपंचमी के पावन अवसर पर महिष्मति घाट में पंचचौंकी महाआरती के बाद फूलों की होली का आयोजन किया गया। यहां पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज फागवानी, भाजपा नेता शैलेष मिश्रा, विश्व हिन्दू परिषद से अरविंद तिवारी, उमाशंकर गुड्डु सिंधिया, राजेश दीक्षित, नीरज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा, सुधीर कांसकार, किशोर रजक सहित जनप्रतिनिधि सहित समाजसेवी व नर्मदा भक्तों ने एक दूसरों का तिलक वंदन करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। यहां कलेक्टर, एसपी ने जमकर होली खेली साथ ही वे श्रृद्धालुओं के साथ जमकर नाचते नजर आए। इस दौरान यहां पर पुष्पों की वर्षा की गई साथ ही रंग गुलाल भी उडाया गया। महिष्मति घाट में संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती में मां नर्मदा की महाआरती की गई और आर्शीवाद लिया गया। इस दौरान यहां पर आतिशबाजी की गई। पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौंक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। माहिष्मती घाट में अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, श्रृद्धालु, पत्रकार और नागरिकगणों ने पंचचौकी महाआरती में सहभागिता की। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक गान पदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे नर्मदा जी की आरती उतारी गई इसके बाद ऊँ जय जगदा नंदी आरती गाया गया। जय-जय नर्मदे, हर-हर गंगे, जय राधेकृष्णा, जय श्री राम और जय-जयकार किया गया। आरती समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में प्रसादी का वितरण किया गया। यहां सुख समृद्धि और जिले में विकास व उन्नति की कामना करते हुए मां नर्मदा का पूजन अर्चन किया गया। आरती उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज इस आरती में शामिल होकर काशी बनारस की याद आ गई। वहां पर भी इसी तरह की महाआरती की जाती है। उन्होंने घाटों के सौन्द्रीयकरण और व्यवस्था पर भी हर्ष व्यक्त किया है। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष मनोज फागवानी ने कहा कि जीवन दायिनी मां नर्मदा के दर्शन मात्र से लोगों के दुख दूर हो जाते हैं मंडला शांत एवं धार्मिक नगरी के रूप में जानी व पहचानी जाती है। बता दें कि कलेक्टर के विशेष प्रयास से महिष्मति घाट में महाआरती का आयोजन आरंभ हुआ है। यहां पर लगातार सौन्द्रीयकरण को लेकर कार्य किया जा रहा है वहीं कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके भी इस क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार प्रयास कर रही हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महिष्मति घाट में आकर्षण का केन्द्र बन गया। आरती के बाद यहां पर आतिशबाजी भी की गई। यहां पंच चौंकी महाआरती में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे जिन्होंने महाआरती उपरांत दीपदान करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।



**मण्डला।** भारतीय मजदूर संघ की अखिल भारतीय कार्य समिति की बैठक में पारित प्रस्तावों को लेकर जिले के मजदूर संघ ने भी जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें राष्ट्रीय कार्य समिति ने पारित प्रस्तावों की मांग के अनुसार जिले में भी मजदूरों के हितार्थ योजनायें लागू की जायें। जिले में भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष प्रहलाद चंद्रौल के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला प्रशासन को कलेक्ट्रेट जाकर सौंपा गया।

**आयोजन** | **अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में दिग्गज कवि करेंगे शिरकत**

# देश के जाने माने कवियों का मंडला आगमन आज

*** पंचचौकी आरती के बाद होगा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





महिष्मति नगरी मंडला में 21 मार्च को देश की जाने माने लोकप्रिय कवियों का आगमन हो रहा है। यहां पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में शिरकत करने आ रहे कवि अपनी चिरपरिचत कविताओं के लिए जाने व पहचाने जाते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि 21 मार्च को महिष्मति घाट मंडला में शाम 7 बजे पंचचौंकी महाआरती में देश के जाने माने वरिष्ठ कवि विष्णु सक्सेना गीतकार, कवि सुदीप भोला (लपेटे में नेता फेम), कवयित्री सुमित्रा सरल श्रृंगार रस, कवि सुमित ओरछा सबरस मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जो कि मां नर्मदा की महाआरती करेंगे। भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। काव्यांजलि माहिष्मति नगरी मंडला के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मलेन शाम 7 बजे पंचचौंकी महाआरती के पश्चात आरंभ होगा। देश के जाने माने कवियों का मंडला महिष्मति नगरी में पहली बार आगमन हो रहा है। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी अंतिम चरण पर बताई जा रही हैं। कवि दृय द्वारा 21 मार्च की शाम 7 बजे मां नर्मदा की पंचचौंकी महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान जिले के अनेक कवियों का सम्मान भी किया जाएगा। इसी के साथ समाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जायेगा। काव्यांजलि महिष्मति नगरी मंडला ने जिलेवासियो से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की है। बता दें कि कवि विष्णु सक्सेना अपने प्रेमगीतों और तरन्नुम के लिए विख्यात हैं। लोगों की मांग पर उन्होंने अपने एक नये प्रेम गीत का पाठ किया। गीत की पंक्तियां इस प्रकार हैं- तन और मन हैं पास बहुत फिर सोच सोच में क्यों दूरी है हम बदलें तो कहा बेवफ़ा वो बदलें तो मजबूरी है गंगा के तट बैठ रेत के बना बना के महल गिराए उसको हमने हमने उसको जाने कितने सपन दिखाए झूठ मूट को मांग भरी थी हाथ अभी तक सिंदूरी है वो बदलें तो कहा बेवफ़ा हम बदलें तो मजबूरी है। तो वहीं कवि सुदीप भोला का जन्म मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में हुआ। देश को सर्वप्रथम की मान्यता पर विश्वास करने वाले हास्य और वीर रस के इस युवा कवि ने बहुत कम समय में लोगों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। सुदीप भोला अपने ओजस्वी काव्य पाठ से कवि सम्मेलन में एक नई ऊर्जा का संचार कर देते हैं। शहीद हेमराज को समर्पित आपकी लोकप्रिय रचना जिन्होंने हंसकर दे दी जान ने सुनने वालों को बेहद भावुक कर देती है। इस गीत को सुनते समय राष्ट्र-प्रेम के जिस ज्वार को श्रोता महसूस करते हैं उसको शब्दों में अभिव्यक्त करना मुश्किल है। सुदीप भोला की देशभक्ति की कविताओं ने जहाँ इनके सुनने वालों को विभोर किया है वहीं हास्य-व्यंग्य की कविताओं ने श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया है। इनकी हास्य रचना मेरी साली भोली भाली ने दर्शकों का बहुत मनोरंजन किया है। इन्होंने बहुत बार अपनी काव्य प्रतिभा के रंग टीवी के विविध कार्यक्रमों में भी बिखेरे हैं। सब टीवी के चर्चित शो वाह-वाह क्या बात है में इनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने बहुत सराहा है। 1500 से अधिक काव्य-मंचों से सफ़ल काव्यपाठ करने वाले सुदीप भोला जी को उनकी बेहतरीन रचनाओं के लिये कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। कवि सुमित ओरछा के बारे में भगवान श्रीराम की धार्मिक भूमि से निकले कवि, देशभक्ति, राष्ट्रवाद और धार्मिकता से ओतप्रोत। वीर रस के बेहतरीन कवियों में से एक, सुमित ओरछा। उन्होंने अपनी अनूठी शैली और धर्म के साथ-साथ इतिहास के गहन अध्ययन से अपना अलग प्रशंसक वर्ग बनाया है। वे कई कवि सम्मेलन आयोजकों की पहली पसंद हैं।कवि सुमित ओरछा राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय गणमान्य हैं। वे सीबीएफसी के सदस्य भी हैं। वे अपनी पीढ़ी के सबसे लोकप्रिय वीर रस कवियों में से एक रहे हैं। कवि सुमित ओरछा की कविताएँ देशभक्ति, सामाजिक मुद्दों, और धार्मिक विषयों पर केंद्रित होती हैं, जिनमें वे अक्सर भारत की संस्कृति और इतिहास को उजागर करते हैं। जैसे देशभक्ति क्यू खालिस्तान मांग रहे जब सारा हिंदुस्तान तुम्हारा है, हमने देश बनाया सुई तक नहीं बनती थी इस देश में, सामाजिक मुद्दे तुम्हारे सभी उड़ उड़ के देखेंगे।

# भारतीय स्वाभिमान व नारी चेतना की प्रतीक है रानी अवंती बाई



*** बलिदान दिवस पर उनके शौर्य, त्याग व समर्पण को किया गया याद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाली प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी 1857 की क्रांति में शहीद हुई वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी भारतीय स्वाभिमान एवं नारी चेतना की प्रतीक हैं जिनके बलिदान दिवस पर नगर के लालीपुर चौंक प्रतिमा स्थल पर प्रोफेसर शरद नारायण खरे के मुख्यातिथ्य व विनोद कछवाहा नगरपालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में एवं समाजसेवी नरेश कछवाहा, डी.एल.मोंगरे आदि के विशिष्ट आतिथ्य में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समारोह में महेश ठाकुर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। नरेश कछवाहा, के.के.ठाकुर आदि के द्वारा भी अपने उद्बोधन में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के लिए वीरांगना जी के योगदान को चिरस्मरणीय बताया गया। डी.एल.मोंगरे ने स्वरचित काव्य रचना का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन पुहुप सिंह भारत के द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अवंती बाई संघर्ष समिति एवं लोधी क्षत्रीय समाज के रवि ठाकुर, संजय चौरसिया, अषाढू ठाकुर, कैलाश कछवाहा, बालसिंह ठाकुर, राजेश लोधी, बंधु ठाकुर, दारेन्द्र ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, लखन ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में ज्योत प्रज्वलित कर वीरांगना जी को श्रध्दा सुमन अर्पित किए गये। अपने उद्बोधन में इतिहासकार एवं कवि प्रोफेसर शरद नारायण खरे द्वारा वीरांगना जी के शौर्य, त्याग व समर्पण का स्मरण कराते हुए देश के लिए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व, का बखान किया गया। अल्प आयु में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाली वीरांगना को बारम्बार नमन किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईंट, रेत आदि की आवश्यकता है वर्ष 2025-26 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सचिव
ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा
जन.पंचा. नारायणगंज, मण्डला

सरपंच
ग्राम पंचायत घोंटखेड़ा
जन.पंचा. नारायणगंज, मण्डला

**खबर संक्षेप**

## अगर नशा करते रहे तो एक दिन मर ही जायेंगे

**गाडरवारा।** आज की लगभग आधी आबादी तंबाकू का सेवन करती है लेकिन तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में उनको पता भी हो लेकिन उनका फिर भी न चेतना एक अंधेरे भविष्य की ओर इशारा करता है,बरेली निवासी एक गृहणी कहती है कि उनके पति बहुत गुटखा खाते थे। इसके लिए उन्होंने कई प्रयास किये लेकिन वह अपने पति का गुटखा नहीं छुड़ा पाईं, इसके बाद उक्त गृहणी ने एक बार अपने पति को धमकी दी थी कि यदि वे गुटखा नहीं छोड़ेंगे तो में मायके चली जाऊँगीं,इसके बाद भी उन पतिदेव ने गुटखा नहीं छोड़ा,तंबाकू उत्पाद की आहत पर जाने की स्थिति बहुत खतरनाक होती है। घर के सदस्यों को देखकर बच्चे उनकी नकल करते हैं,कुछ लोग मानसिक तनाव की अधिकता व मित्रों की संगत में पड़कर धूम्रपान व पाऊचों को खाने के शिकार हो जाते हैं। इन पाऊचों में कुछ इस तरह के केमिकल रहते हैं जो उसका आदी बना देते हैं। देखा गया है कि तंबाकू का उपयोग कम हुआ है लेकिन पाऊचों का सेवन बहुत तेजी से बढ़ा है, तंबाकू का सेवन करने वालों को मुँह का कैंसर आमतौर पर गालों की तरफ होता है जो गुटखा या पान मसाला घंटों मुंह में दबाये रहते हैं। गुटखे में तंबाकू के अलावा चूना और सुपारी कैंसर की संभावना को बढ़ा देती है। वही गौर किया जावे तो इसवका कारण यह है कि शरीर के किसी अंग विशेष या त्वचा में लगातार रगड़ पड़ती रहे तो उस स्थान पर कैंसर पनप सकता है। गुटखा या पान मसाले में मौजूद चूना गालों को नाजुक भीतरी त्वचा का क्षरण करता है,इसके साथ ही मुँह में मौजूद सुपारी त्वचा रगड़ खाती है जिससे त्वचा में घाव उत्पन्न होने लगता है। तंबाकू में मौजूदा हानिकारक केमिकल घाव के जरिये त्वचा में प्रवेश कर कोशिकाओं के नुकसान पहुँचाने लगते हैं कालांतर में कोशिकाओं के बनने की प्रक्रिया अनियंत्रित हो जाती है और कैंसर पनप जाता है,शरीर के किसी हिस्से में कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता है। यह असामान्य वृद्धि शरीर के लिए घातक होती है। मुँह पूरा खोलने में परेशानी होना, मुँह के अंदर त्वचा पर सफेद धब्बे पड़ना या उन पर गांठ उत्पन्न होना ही कैंसर के प्रारंभिक लक्षण हैं। इसके साथ कोई तीखी चीज खाने पर मुँह में जलन पड़ना शुरू हो जाती है। मुँह से निकलने वाली सांस भी बदबूदार हो जाती है। जीभ के निचले हिस्से में भी गांठ पड़ना कैंसर का प्रमुख लक्षण होता है।

# हरिभूमि पाठकों को उपहार के साथ बधाई संदेश देते हुये खुशियों में लगा रही चार चांद, भाग्यशाली विजेता बनने का मिला सुअवसर






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मध्य प्रदेश सहित देश के अन्य प्रांतो से एक साथ प्रकाशित होने वाले राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार हरिभूमि अपने पाठको के बीच एक अलग ही पहचान बना चुका है। इसी का परिणाम है कि अब लोगों को सुबह होते हुये ही यदि वह हरीभूमि नही पढ़ते है तो उनको चाय का सही स्वाद नही मिल पाता है। वही दूसरी ओर हरिभूमि द्वारा निःपक्ष खबरे तो अपने पाठको तक पहुंचाता है। वही दूसरी ओर आये दिन अपने पाठको के लिये अनेक प्रकार के उपहार प्रदान किये जाते है। इसी प्रकार से हरिभूमि द्वारा वर्तमान में अपने पाठकों के लिये हर माह जन्म दिवस के मौके पर जहां उनके घर पहुंचकर जन्म दिन दिवस की शुभकामनाओं के साथ उपहार प्रदान करते हुये जन्म दिवस की खुशियों में चार चांद लगाते हुये देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि हरिभूमि द्वारा अपने पुराने तथा वर्तमान समय में जुडने वाले नये ग्राहको के लिये जन्म दिवस के मौके पर अनोखी योजना चलाते हुये उनके घर पहुंचकर उपहार के साथ जन्म दिवस की बधाई देने के साथ आने वाले समय में भाग्यशाली विजेता बनने का अवसर प्रदान कर रहा है। जन्म दिवस उत्सव के दौरा प्रकाशित किये जाने वाले फॉमेटों का आने वाले नम्बर माह में महाबम्पर ड्रॉ का आयोजन किया जावेगा जिसने सोने का हार, स्कूटी, रेफ्रीजरेटर, एलईडी टी व्ही सहित अन्य प्रकार के उपहार जीतने के लिये भाग्यशाली बिजेता बनने का अवसर प्रदान किया जावेगा। कुछ इसी प्रकार से नगर के विजय कालोनी निवासी ब्रजेश पिता गजेन्द्र सिंह यादव जिनका जन्म दिवस 14 मार्च को था तो हरिभूमि प्रतिनिधि उमेश कौरव तथा ब्यूरो प्रमुख लाल साहब कौरव जब उनके घर जन्म दिवस के बधाई देने के लिये पहुंचे तो उनकी गैर मौजूदगी में ब्रजेश यादव की धर्म पत्नी श्रीमति नीतू यादव को यह उपहार प्रदान किया गया तो वह खुशी से झूम उठी। उन्होंने ने चर्चा करते हुये बताया कि निश्चित तौर से हरिभूमि के माध्यम से हमको जिस तरह की स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश व देश की जो खबर सुसज्जित तरीके से मिलती है वह अन्य किसी अन्य अखबार में नही मिल पाती है। हरिभूमि खबरों के साथ साथ अपने पाठको को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों से भी अवगत कराने के साथ सहेली वाला पन्ना हम महिलाओं का मन मोहने से नही चूकता है। इसी प्रकार से नगर के नर्मदा कालोनी निवासी रजनीश पिता उत्तम सिंह कौरव तथा मूल रूप से ग्राम नयागांव हाल निवासी रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के दिव्यांश पिता ब्रजेश पुरी गोस्वामी जिनका जन्म दिवस 19 फरवरी रंग पंचमी के बीच पड़ा था। वही सुबह अपने परिवार के बीच जन्म दिवस की खुशियों के बीच खुश नजर दिखाई पड़ रहे थें। इस दौरान जब हरिभूमि टीम उनके घर जन्म दिवस के बधाई देने के लिये हरिभूमि उपचार के साथ पहुंचे तो उनकी खुशियों में चार चांद लगते हुये देखे गये। इस तरह हरिभूमि को लेकर रजनीश कौरव व दिव्यांश पुरी गोस्वामी की कहना है कि निश्चित ही हरिभूमि द्वारा अपने पाठको को ताजी व विश्वसनियों खबरों के साथ उनके जन्म दिवस के मौके पर उपचार प्रदान किया जा रहा है उसके चलते पाठकों में अब निःपक्ष खबरों के साथ साथ उपहार मिल रहे है। पहली बार देखा जा रहा है कि खुद अखबार हमारी खुशियों में शामिल होने के लिये सुबह हमारे द्वार पर गिप्ट के साथ घंटी बजाते हुये देखा जा रहा है। इसी प्रकार से नगर के इन्द्रा कालोनी निवासी शिवम पिता राजेश सोनी जो हरिभूमि के पाठक है उनके द्वारा 20 मार्च को जन्म दिवस होने के चलते हरिभूमि टीम उनके जन्मोत्सव के मौके पर बधाई देने के लिये पुरूस्कार के साथ पहुंची तो उनके परिवारजनों की खुशियों में चार चांद लगते हुये देखे गये। इस संबंध में वर्षो से हरिभूमि के पाठक शिभम सोनी का कहना है कि हरिभूमि द्वारा अपनी खबरों को लेकर अपने पाठकों में एक अलग ही विश्वास प्राप्त किया गया है। क्योंकि देश दुनिया की खबर से लोग अलग अलग माध्यमों से प्राप्त कर लेते है। मगर स्थानीय स्तर की खबरों को जिस तरह हरिभूमि द्वारा पूर्ण तत्थों के साथ प्रकाशित करते हुये आम लोगों की परेशानियों तथा जन हित की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाई जाती है उसके चलते हरिभूमि द्वारा अपनी एक अलग ही पहचान बनाई गई। वही दूसरी ओर अपने पाठकों का ध्यान रखने में भी अब कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। हरिभूमि द्वारा जिस तरह अपने पाठकों के जन्म दिवस को उत्सव के रूप में मनाते हुये उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। वह निश्चित तौर से अनोखी पहल है। राष्ट्रीय स्तर के अखबार हरिभूमि द्वारा शुरू किये गये जन्मदिन उत्सव में हरिभूमि के पुराने पाठकों के साथ साथ नये जुड़ने वाले पाठकों को भी शामिल किया जा रहा है। जो हर माह प्रकाशित होने वाले फार्मेट के माध्यम से हर माह भाग्यशाली विजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त करने के साथ आने वाले नम्बर माह के महा बम्पर ड्राँ में भाग्शाली बनने का असवर भी प्रदान किया जा रहा है। इस तरह हरिभूमि द्वारा अपने पाठको को अप्रैल माह में जन्म दिवस के मौके पर खुशियाँ बटोरने के साथ



भाग्यशाली विजेता बनने के लिये कल यानि की 20 मार्च के अंक में फार्मेट प्रकाशित किया गया है। जिन पाठकों का आने वाले अप्रेल माह में जन्म दिवस होगा वह निर्धारित की गई 25 मार्च तक की तिथि में अपने फार्मट प्रतिनिधि व ब्यूरों कार्यालय में जमा करते हुये जन्म दिवस की खुशियों में चार चांद लगाते हुये भाग्यशाली बनने का अवसर प्राप्त कर सकते है।

## नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगा रही जहां तहां विक्रय होने वाला मांस मछली का कारोबार.., मुख्यमंत्री के आदेश को भी बना दिया औपचारिकता पूर्ण



**गाडरवारा।** जहां एक ओर नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिये लगातार प्रयास करते हुये सड़को को साफ सुधरा बनाया जा रहा है। मगर दूसरी ओर जिस तरह शहर में जहां तहां विक्रय होने वाले मांस मछली के कारण शहर के गंदगी फैलने के साथ साथ स्वच्छता को ग्रहण लग रहा है। वैसे भी देखा जावे तो प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा डा.मोहन यादव द्वारा जब शपथ ग्रहण की गई थी तो सबसे पहले उन्होंने भी इस तरह खुले में मांस मछली विक्रय पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश जारी किये गये थें। मगर आदेश कुछ दिनों तक तो अधिकारियों को पालन करने के नाम पर हरकत में देखा गया था। मगर वह आदेश मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात साबित होते होने से नही चूक पाया है। ओर इस आदेश की अनदेखी के कारण स्वच्छता सर्वेक्षण की मेहनत पर पानी फिरने से भी नही चूक रहा है तो दूसरी ओर प्रदेश के मुखिया के आदेश की भी अव्हेलना होते हुये देखी जा रही है..? भले ही नगर पालिका द्वारा मांस मछली विक्रय करने के लिये जगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा नगर में जहां तहां खुलेआम मांस मछली का विक्रय करते हुये देखा जा रहा है जिसके चलते नगर का वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेंस पहुंचने से नही चूक रही है..? इस प्रकार से मांस मछली विक्रय करने वालो की मनमानी पर अंकुश न लग पाना नपा प्रशासन की उदासीन कार्य प्रणाली सहित पुलिस प्रशासन की उदासीनता को भी उजागार करने से नही चूक रही है। जिसके चलते इस प्रकार से नगर में धडल्ले से जहां तहां हो रहे मांस मछली के विक्रय से नगर में गंदगी फैलने के साथ साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचने से भी नही चूक रही है...? क्योंकि इस प्रकार से मांस मछली सहित अंडे का व्यापार करने वाले लोगों द्वारा न तो नगर के मंदिरों का ध्यान रखा जा रहा है और न ही शिक्षण संस्थाओं का जिसके चलते लोगों में इस प्रकार से खुलेआम बिक रहे मांस मछली के विक्रय को लेकर आक्रोश देखने मिल रहा है। इस प्रकार से धडल्ले से विक्रय होने वाले मांस मछली की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी सहित सहित अन्य स्थानों पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि पानी टंकी के पास जहां नगर का एक मात्र गायत्री मंदिर स्थित है वही हनुमान मंदिर के साथ साथ शिक्षण संस्था भी स्थापित है, मगर इसके बाद भी यहां पर प्रतिदिन शाम के वक्त जहां खुलेआम मछली विक्रय होते हुये देखी जा रही है वही अनेक मांस की दुकाने भी संचालित हो रही है। इस स्थिति में जब कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो उसे सबसे पहले इस प्रकार से विक्रय होने वाली मांस व मछली पर नजर पड़ते हुये उसकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई स्कूली बच्चों में भी देखने मिल रही है जिन्हें इस प्रकार खुलेआम विक्रय होने वाले मांस व मछली के चलते घृणा का शिकार होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर देखी जा रही है जहां हनुमान मंदिर व आचार्य मंदिर से चंद कदम दूरी पर खुलेआम बिरयानी विक्रय का वोर्ड अपनी शोभा बढ़ाने से नही चूक रहा है। यही हाल नगर के अन्य स्थानों पर भी देखने मिल रहा है। इस प्रकार से निर्धारित स्थल के जगह नगर के प्रमुख व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय को लेकर न तो प्रशासन द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है और नही नपा प्रशासन द्वारा जिसके चलते नगर में खुलेआम गंदगी का महौल निर्मित होने से नही चूक पा रहा है। इस प्रकार से नगर की गलियों व धार्मिक स्थलों के आसपास होने वाले मांस मछली विक्रय पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है।

नगर के कलाकार को पर्दे पर देखने के लिये शहरवासियों में उत्साह...

## सपनों की दुनिया मुम्बई में गाडरवारा का नाम रोशन करने वाले युवा कलाकार मोहित डागा की फिल्म तुमको मेरी कसम का आज से सिनेमा घरों में प्रदर्शन

गाडरवारा





इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब हमारे नगर हो या फिर क्षेत्र को कोई भी व्यक्ति किसी बड़ी सफलता हासिल करता है तो उसके साथ साथ संपूर्ण क्षेत्र व नगर का दुनिया के नक्शें में गौरव बढ़ने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई आज गाडरवारा नगर के साथ भी देखने मिल रही है। क्योंकि नगर के एक मिलनसार प्रतिष्ठित डागा परिवार का युवा कलाकार मोहित डागा द्वारा फिल्म जगत में पहुंचकार जिस संघर्ष करते हुये सफलता हासिल करते हुये बड़े पर्दे पर पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त किया गया है उसके चलते संपूर्ण नगर के लोगों में जहां खुशी का महौल दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर आज 21 मार्च से नगर व देश के सिनेमा घरों में प्रदर्शित होने वाली विक्रम भट्ट की फिल्म तुमको मेरी कसम को लेकर शहर के लोगों में इस बात का उत्साह देखा जा रहा है कि वह अपने नगर के लाड़ले युवा कलाकार को बढ़े पर्दे पर देखा जावेगा। इस तरह आज से देश सहित नगर के सिनेमा घरों में प्रदर्शित होने वाली इस तुमकों मेरी कसम फिल्म में स्थान पाते हुये निश्चित तौर से मोहित डागा द्वारा एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। ज्ञात हो कि मोहित डागा नगर के प्रतिष्ठित डागा परिवार का वह चिराग है जिसने अपने परिवार के साथ साथ इस नगर को आज सपनों की दुनिया मुम्बई के साथ साथ संपूर्ण देश में रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही दूसरी ओर मोहित डागा की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस तरह वह नगर व अपने लोगों के बीच पहुंचते है तो आज भी वह उसे शैली में मिलते हुये देखा जाता है जिस तरह से परिवार के लोगों द्वारा उसे अपनें से मिलने के संस्कार प्रदान किये गये थें। क्योंकि मुम्बई नगरी से लेकर फिल्मी दुनिया की चकाचौंध के बीच पहुंचने के बाद भी परिजनों द्वारा जिस तरह संस्कारों की जो पूंजी प्रदान की गई मोहित आज भी उसे इस तरह संभालते हुये नगर का नाम लगातार रोशन करते हुये देखा जा रहा है। वैसे भी देखा जावे तो नगर का कोहनूर मोहित डागा छोटे पर्दे पर तो लम्बी समय से धूम मचाते हुये देखा जाता रहा है। मगर अब बढ़े पर्दे पर पहुंचकर गाडरवारा का नाम रोशन करते हुये देखा जावेगा। मोहित डागा जी टीव्ही, सब टीव्ही, सोनी, कलरस टीव्ही चेलनों के अनेक सीरियलों में रोल करते हुये देखा गया है। सब टी व्ही चेनल के लभ स्टोरी, लेप्ट राईट, तेरा यार हूं मै तथा सोनी चेनल पर भास्कर भारती, कलरस चेनल के ऐसा करो न बडे, बेरी पिया के अलवा जी टीव्ही के एक मुठ्ठी आसमान, आपके आ जाने से के आलवा एण्ड टी व्ही के दूसरी माँ सहित अन्य सिरीयलों में देखा जा चुका है। इसके आलवा एक भोजपुरी फिल्म में शानदान प्रदर्शन करते हुये सफलता के बाद अब बालीबुड की दुनियाँ में तहलका मचाने वाले विक्रम भट्ट की फिल्म तुमको मेरी कसम में देखा जावेगा। 'तुमको मेरी कसम' फिल्म में अपनी भूमिका को लेकर उन्होंने बताया कि "मैं फिल्म में अनुपम खेर सर के बड़े बेटे का किरदार निभा रहा हूं और मेरा किरदार बेहद खास है। खेर सर के साथ मैं हर अच्छे-बुरे समय में साथ खड़ा रहता हूं, जो इस भूमिका को और भी खास बनाता है।" यह फिल्म मुंबई और उदयपुर में शूट की गई इस फिल्म ने मुझको इंडस्ट्री की कुछ बेहतरीन प्रतिभाओं के साथ अभिनय के नए आयाम तलाशने का मौका दिया।विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी 'तुमको मेरी कसम' यह फिल्म मेरे लिए शानदार अनुभव वाला रहा। उन्होंने कहा, "विक्रम भट्ट के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। मैं हमेशा से उनके काम की प्रशंसा करता रहा हूं। वह बहुत ही विनम्र हैं और सेट पर सहज माहौल बनाते हैं।"मोहित के लिए अनुपम खेर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करना और भी खास अनुभव रहा। अभिनेता की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, "अनुपम खेर एक आकर्षक व्यक्तित्व हैं। उन्हें पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है फिर भी वह डाउन-टू-अर्थ हैं। उनके मौज-मस्ती करने वाले स्वभाव ने सेट पर खास माहौल को बनाए रखा और हमें पता भी नहीं चला कि शूटिंग के 15-20 दिन बीत चुके हैं।" 'तुमको मेरी कसम' इंदिरा आईवीएफ चेन के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन पर आधारित है। फिल्म में मोहित डागा, अनुपम खेर के साथ अदा शर्मा, ईशा देओल और इश्वाक सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में दुर्गेश कुमार, सुशांत सिंह, नाजिया हसन, शुभंकर दास और मनमीत सिंह साहनी भी अहम भूमिका में हैं। वही मोहित ने खुलासा किया कि वह अब ऐसी भूमिकाएं तलाश रहे हैं जो उन्हें एक अभिनेता के रूप में चुनौती दे तथा मैं ऐसी चीज की तलाश में हूं जो मुझे सिर्फ संवाद बोलने से आगे ले जाए। अभिनय का मतलब है बिना शब्दों के भी भावनाओं को व्यक्त करना। मैं ऐसी भूमिकाएं तलाशना चाहता हूं जो मुझे सोचने और अपने हुनर के साथ प्रयोग करने के लिए मजबूर करे।" ज्ञात हो कि मोहित भारतीय टेलीविजन जगत के जाने-माने अभिनेता रहने के साथ साथ जिन्होंने हिंदी भाषाओं में अपनी शानदार अभिनय प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीता है। मध्यप्रदेश के गाडरवारा के प्रतिष्ठित डागा परिवार में जन्मे बसंत डागा के प्रथम पुत्र एवं समाज सेवी ज्ञान डागा, पारस डागा तथा भाजपा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेंद्र डांगा के भतीजे मोहित ने अपने करियर की शुरुआत बहुत कम उम्र में की और समय के साथ छोटे पर्दे पर अपनी एक खास पहचानें में सफलता के बाद अब बडे पर्दे पर धूम मचाते हुये आज से दिखाई देने से नही चूकेगे। इस नगर आज से सिनेमा घरों में प्रदर्शित होने जा रही तुमको मेरी कसम फिल्म को लेकर नगर के लोगों में काफी उत्साह देखने मिल रहा है।

# तहसील कार्यालय से बने हुये भवन में अन्य कार्यों के संपादन होने से खंडहर की ओर हो रहा अग्रसर



**गाडरवारा।** जब किसी शासकीय भवन की आधार शिला रखी जाती है तो निश्चित तौर से क्षेत्र के लोगों में खुशी परिलक्षित होती है कि अब उन्हें नय भवन से अधिक सुविधाएं मिलना शुरू हो जावेगा...? और यह हाल नगर में लाखों रूपया की लागत से कुछ साल पहले बने नवनिर्मित तहसील भवन की देखी जा रही है। जब नगर के बी टी आई स्कूल के पीछे तहसील भवन बनकर तैयार हुआ था तो लोगों की उम्मीद थी कि अब उन्हें इस भवन के बनने से जहां सभी कार्यालय एक साथ मिल जावेगे जिससे लोगों को यहां वहा नही भटकना पड़ेगा और वर्षो पुराने भवन में चल रहे तहसील कार्यालय में अन्य कोई शासकीय कार्य होने लगेगे? क्षेत्र के लोगों की यह कल्पना सिर्फ सपना साबित तब हुई जब नवनिर्मित तहसील भवन का दो बार लोकापर्ण होने के बाद भी आज तक उसमें शासकीय कार्यलय की शुरूआत नही होने के कारण लाखों रूपया की लागत से यह भवन अब खंडहर में तब्दील होते हुये जान पड़ रहा है? यह बात अलग है कि इस भवन में अन्य कार्यो का संपादन तो शासन द्वारा किया जा रहा है। मगर क्षेत्र की जनता को आज भी तहसील संबंधी कार्यो के लिए उसी पुराने भवन में जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिसके चलते नये तहसील कार्यालय भवन के निर्माण की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए जान पड़ रहा है? बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले इस तहसील कार्यालय के लिए नया भवन बनने के बाद इसका लोकापर्ण तत्कालीन एस डी एम पी एल यादव व तहसीलदार भुवन गुप्ता द्वारा चैत्र नवरात्र में हिन्दू रिती रिवाज के तहत भगवान सत्य नारायण की कथा के साथ कराया गया था? मगर क्षेत्र के नेताओं को भवन की कथा के साथ हुआ लोकापर्ण शायद अच्छा नही लगा होगा या फिर उसमें पत्थर पर अपना नाम दर्ज कराने की लालसा को लेकर उस भवन का पुनः 16 मई 2013 को प्रदेश के एक मंत्री के मुख्य आतिथ्यि में लोकापर्ण कराते हुए अनेक नेताओं ने अपनी वाही वाही के भाषण झाड़ते हुए शासन के हजारों रूपया खर्च करते हुये दोबारा लोकापर्ण तक कर दिये जाने के बाद भी आज भी उसमें तहसील कार्यालय का संचालन न हो पाना निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देते हुये जान पड़ रहा है? अब सबाल यह उठता है कि जब यह भवन बनकर तैयार हो ही गया और जिसका दो बार लोकापर्ण होने के बात नेताओं के नाम का पत्थर भी लग चुका है तो फिर क्या इस भवन में लगी लागत को सिर्फ खंडहर बनने के लिए छोड़ दिया गया है? यदि भवन की स्थिति पर गौर किया जावे तो भवन के अंदर व बाहर कचरे का अंबार लगा हुआ है तथा दीवारे भी कही कही से किरक होती हुई नजर आने लगी है।

## पीतल नगरी चीचली की सड़कों ने लिया वाहन स्टैंड का रूप, आमजन को निकलना हुआ मुश्किल



**चीचली।** यातायात व्यवस्था सुधारने से लेकर लोगों को कानून का पाठ पढ़ाने के लिये आये दिन पुलिस को क्षेत्र की सड़को पर अपने हाथों में एक डायरी रूपी कट्टा रखे हुये चालानी प्रक्रिया को अंजाम देते हुये देखा जा सकता है, मगर इस समय जिस प्रकार से चीचली नगर के अंदर जो यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है उस ओर चीचली पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि जहां नगरवासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर महिलाओं को नगर के अंदर की सड़को से निकलना मुश्किल हो चुका है? क्योंकि इस समय नगर के बाजार क्षेत्र की मुख्य सड़क पूर्णरूप से वाहन स्टेन्ड के रूप में नजर आने से नही चूक पा रही है, क्योंकि जिस प्रकार से वाहन मालिको द्वारा अपने वाहनों को मुख्य सड़क सहित लोगों के घरों के सामने खड़े किये जा रहे है उसके चलते नगर की सड़को से वाहन निकलने की बात तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो चुका है, वही दूसरी ओर जिस प्रकार से लोगों के घरों के सामने वाहन खड़े किये जा रहे है उसके चलते आये दिन विवाद की स्थिति पैदा होने से भी नही चूक पा रही है? मगर यातायात में सुधार लाने के नाम पर चालानी कार्यवाही में मस्त रहने वाली चीचली पुलिस द्वारा इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उससे यह जान पड़ने लगा है कि शायद चीचली पुलिस द्वारा नगर के अंदर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा हो? इस प्रकार से देखा जा रहा है कि पुलिस की उदासीनता के चलते चीचली नगर के अंदर की यातायात व्यवस्था पूर्णरूप से बेहाल हो चुकी है।

## क्या मासूमों के लिये चलाई जा रही योजनायें मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रह चुकी है...?



**गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है? मगर जिस सथिति में इस समय मासूम बच्चों को देखा जा रहा है उसे सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारियों की कार्य करने की भूमिका सामने आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिन बच्चों को इस उम्र में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए थी, वह मासूम बच्चें अपने पेट की खातिर रस्सी पर चलते हुए अपने जान को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर यह मासूम सर्कस नुमा नौटंकी का खेल दिखाते अपना पेट पालने के लिये मजबूर देखे जा रहे है? बताया जाता है कि बाहर से आये हुए कुछ लोगों द्वारा जहां लोगों का मनोरंजन करने तथा अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए मासूम बच्चों को रस्सी पर चलाकर अनेक प्रकार के कर्त्तव्य दिखाये जा रहे है जिन्हें लोग देखते हुए जहां ताली बजाकर सबासी प्रदान कर रहे है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से ताली बजाने वालों की भीड़ में मासूमों का जीवन संभारने का जिम्मा निभाने वाले वह अधिकारी भी नजर आते है। इस सबको देखकर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पाता है कि यदि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का यदि सही तरीके से संचालन हो रहा होता तो शायद इन मासूम बच्चों को इस तरह अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये पेट पालने के लिये मजबूर न होना पड़ता।

खबर संक्षेप

## मेंहदवानी में महीनों से बीएसएनएल नेटवर्क ठप्प

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**

विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी से स्थित बीएसएनएल का नेटवर्क विभागीय लापरवाही के चलते विगत कई महीनों से ठप्प पड़ा हुआ है नतीजतन किसानों का फार्मर आईडी, किसान पंजीयन सहित अन्य शासकीय कार्य प्रभावित हो रहें हैं। बीएसएनएल नेटवर्क ठप्प रहने से उपभोक्ताओं द्वारा किया गया रिचार्ज भी व्यर्थ चला जाता है। बीएसएनएल नेटवर्क कभी कभार चालू किया जाता है और रिचार्ज होते ही बंद हो जाता है जिससे उपभोक्ता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बीएसएनएल नेटवर्क ठप्प रहने से गरीब तबके को ज्यादा नुक्सान हो रहा है क्योंकि वो मंहगा मोबाइल रख नहीं पाते हैं। शासकीय योजनाओं से संबंधित सभी कार्यों में ओटीपी की जरूरत होती है जो बीएसएनएल नेटवर्क ठप्प रहने के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। किसानों ने बताया कि बीएसएनएल नेटवर्क ठप्प रहने से बहुत से किसानों का फार्मर आईडी नहीं बन पाया है जिसके चलते बहुत से किसानों को किसान सम्मान निधि से लेकर अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन से बीएसएनएल नेटवर्क दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

## ग्राम कनईसांगवा में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 20 मार्च से प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।** जिला मुख्यालय से मजह 3 किलोमीटर दूर ग्राम कनईसांगवा में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 20 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है। मां दुर्गा सेवा समिति और आयोजक इंद्रसिंह बिलागर एबलदेव सिंह बिलागर ने बताया कि स्वगीर्य श्री गोपी सिंह मालगुजार के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ 20 मार्च से प्रारंभ होकर 29 मार्च तक आयोजित होगा।भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी महिमाओ का वर्णन कथा वाचक मानस कोकिला वर्षा देवी जी के मधुर वाणी से किया जाएगा। मां दुर्गा सेवा समिति के द्वारा क्षेत्र के सभी सनातनियों को भगवान के रसज्ञ श्रोताओ से विनम्र निवेदन कर इस पुनीत ज्ञान यज्ञ का पुण्य लाभ लेने आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम 20 मार्च दिन गुरुवार को कलश यात्राए गद्दी पूजन एवं देव आवाहन के साथ होगा और 29 मार्च दिन शनिवार को पूर्णाहुति हवन और भंडारा के साथ वार्षिक पिंडदान के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## नर्मदा पुष्कर बांध में डूबने से राजस्थान के व्यापारी युवक की मौत

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के पावन सलिल नर्मदा नदी पुष्कर बांध में ललित कुमावत पिता सुशील कुमावत 27 वर्षीय ग्राम मंडेला जिला झुंझुनू राजस्थान का अपने दो अन्य साथियों के साथ व्यापारिक कारोबार के सिलसिले में स्थानीय श्री कलेक्शन में कपड़ा का सैंपल दिखाने और ऑर्डर के लिए आए हुए थे आज सुबह लगभग 10 बजे पुष्कर बांध के नर्मदा नदी में स्नान के दौरान डूबने से मृत्यु हो गई । पास ही छोटे- नाबालिग बालक नहा रहे थे उन्होंने देखा कि लड़का नहाते हुए गहरे पानी में डूब गया है हो हल्ला शोर शराबा करने पर डूबे युवक को 15 /20 मिनट बाद निकाला गया। सूचना मिलने पर दो अन्य साथियों ने उक्त युवक को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले गए चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। व्यापारी युवक के नर्मदा नदी में डूबकर मृत हो जाने की सूचना साथ आए कृष्ण इंदौरी निवासी मंगलम कॉलोनी कृष्णा नगर थाना खजराना इंदौर ने थाना अमरकंटक में दी इस पर मर्ग क्रमांक 9 धारा 194 बी एन एस कायम कर शव कब्जे में लेकर विवेचना की जा रही है मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाकर उसके घर को रवाना कर दिया है।

## साउथ ईस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

**अनूपपुर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन शाखा कार्यालय अनूपपुर प्रांगण में 19 मार्च को जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अध्यक्षता,मंडल समन्यक विजय अग्निहोत्री के मुख्य आतिथ्य और केंद्रीय पदाधिकारी आर.के. यादव डायरेक्टर अर्बन बैंक एवं केंद्रीय कोषाध्यक्ष डी.के.स्वाइन विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति ।

# बालपुर में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए - मुख्यमंत्री



### वीरांगना अवंती बाई का हौसला हिमालय से भी बडा है - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के बालपुर में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रानी अवन्तिबाई के पराक्रम को याद करने का दिन है।

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।**

उन्होंने कहा कि अवन्ति का अर्थ है जिसका अंत नहीं हो सकता है। इस धरती पर कई ऐसे श्रेष्ठ महापुरुष हुए है। व्यक्ति की उम्र भले ही छोटी होती है, लेकिन उनके कार्य उन्हें महान व अमर बना देते हैं। वीरांगना रानी अवंती बाई 26 वर्ष की छोटी आयु में ही आत्म स्वाभिमान के लिए जो कार्य किया वह हिमालय से भी बड़ा है।

### यह वीरों की धरती है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह वीरांगनाओं और वीरों की धरती है, जहाँ रानी दुर्गावती, झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना अवंतीबाई, देवी अहिल्याबाई, राजा रघुनाथशाह एवं कुंवर शंकरशाह जैसे महापुरूष जन्म लिए। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंती बाई और राजा रघुनाथ शाह एवं कुंवर शंकरशाह ने अपने सीमित संसाधनों से अंग्रेजी शासन के खिलाफ मोर्चा खोला और अपने देश व स्वाभिमान की लडाई लडी। वे अपने हौसले को बनाकर चट्टान की तरह मजबूत कर अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किए। उस समय कठिन परिस्थितियों वे सिर्फ आत्मसम्मान, राष्ट्रभक्ति को लेकर समाज को एक नई दिशा दिए। रानी अवंती बाई का चरित्र से हमें सीख मिलती है कि डलहौजी की हडपनीति के विरोध में उन्होंने अपनी शासन की रक्षा की, उनके इस योगदान के कारण लोधी समाज सहित सम्पूर्ण समाज रानी अवंती बाई को पूजता है। स्थानीय आदिवासी समाज के लोगों ने रानी अवंती बाई के बलिदान स्थल को सुरक्षित रखते हुए स्थल की पवित्रता का ध्यान रखा।

### महापुरूषों की गौरव गाथाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से पूरे देश में अनगिनत महापुरूषों को पहचान कर उन्हें समाज के सामने लेकर आए हैं, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। ऐसे महापुरूषों की गौरव गाथाओं को समाज की अगली पीढी तक पहुंचाया जाएगा ताकि भावी पीढ़ी भी महापुरूषों की शौर्य गाथाओं से परिचित हो सके। भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य वीर इस बात के प्रतीक हैं। देश के चारों दिशाओं में आदिवासी समाज के लिए बिरसा मुंडा भगवान हैं। उनके जन्मदिन पर जनजाति गौरव दिवस मनाया जाता है। वीरांगना रानी दुर्गावती की योगदान याद करने के लिए जबलपुर में मध्यप्रदेश शासन की पहली केबिनेट आयोजित की। जनजातीय गौरव को ध्यान में रखते हुए खरगोन विश्वविद्यालय का नाम टंटया मामा के नाम पर किया गया।रानी अवंती बाई की शौर्य गाथाओं को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनके नाम से सागर विश्वविद्यालय का नाम पर रखा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीरांगना रानी को अर्पित किए श्रृद्धासुमन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्य समारोह को संबोधित करने के पहले बलिदान स्थल पर पहुंचकर वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शौर्य गाथाओं को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

### किसान गरीब, युवा और महिलाओं के हित में कई बडे फैसले लिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के हित में कई बडे फैसले लिए हैं। श्रीअन्न के लिए एक हजार रूपए प्रति क्विंटल, धान के लिए 4 हजार रूपए प्रति हेक्टेयर, गेंहू के लिए 2600 प्रति क्विंटल राशि हस्तांतरित करने वाले हैं। 10 से ज्यादा गौ-पालन करने के लिए अनुदान दिया जाएगा। जिससे गौ- पालन और दुग्ध उत्पादन को बढावा मिलेगा। मध्यप्रदेश सरकार गाय का दुग्ध भी खरीदेगी, साथ ही 5 रूपए प्रति लीटर गाय का दुग्ध पर बोनस दिया जाएगा। फसल के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को भी बढावा देंगे। आदिकाल और भगवान श्रीकृष्ण के काल से ही दूध का बडा महत्व रहा है। प्रदेश में औद्योगिकीकरण के लिए लगातार प्रयास जारी है। डिंडौरी में दुग्ध आधारित उद्योगों के साथ ही लघु उद्योग, मध्यम उद्योग, कुटीर उद्योग सहित सभी प्रकार के उद्योग लगाएंगे। रानी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती वर्ष को मना रहे हैं, रानी अवंती बाई और रानी अहिल्या बाई के आदर्शों के सभी पक्षों को लेकर समाज में जा रहे हैं, जिसके आधार पर गरीब, युवा, किसान और नारी के कल्याण कार्यों को कर रहे हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रानी अवंती बाई की शहादत की इस पुण्य भूमि में सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि रानी अवंतिबाई जैसा पराक्रम इतिहास में कम मिलता है। प्रारम्भ में रानी अवंतिबाई के बलिदान स्थल पर एक चबूतरा था,जिसे स्थानीय आदिवासी समाज ने संरक्षित कर स्वच्छ और साफ रखा। इतिहास लिखते हुए अंग्रेज ने अपनी आत्मकथा में रानी अवंतीबाई के शौर्य और पराक्रम के बारे में लिखा। शंकरशाह और रघुनाथ शाह द्वारा लिखी जाने वाली कविताओं को आत्मकथा में उल्लेखित किया। अंगेजों के शासनकाल में रानी अवंतीबाई ने जनमानस के लिए कर वसूली के विरुद्ध अपनी आवाज उठाई, रानी ने 26 वर्ष की उम्र में अपने पराक्रम का परिचय देते हुए, आज से 150 से अधिक वर्ष पहले बताया कि न्याय और परोपकार की भावना के साथ हम हर कार्य कर सकते है।






संस्कृति और पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी ने अपने सम्बोधन में कहा कि रानी अवन्तिबाई का पराक्रम असाधारण एवं अद्भुत है। अंग्रेजों की नीति के कारण राजा विक्रमादित्य सिंह को राजगद्दी से हटाया गया, रानी अवन्तिबाई ने 1857 की क्रांति में भाग लेकर अपने राज्य की रक्षा कर अंग्रेज अधिकारी वाडिंग्टन को भगाया। रानी अवंतिबाई की जीवनी से देशभक्ति की भावना प्रज्वलित होती है शहपुरा विधायक ओमप्रकाश परस्ते ने अपने सम्बोधन में रानी अवन्तिबाई के बलिदान की शौर्यगाथा का वर्णन करते हुए, क्षेत्र के विकास सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया।

### जिले के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेंहदवानी से आईटीआई तक डामरीकरण का कार्य, शहपुरा में 132 केव्ही. का सब स्टेशन निर्माण, दनदना, राघो, नागदमन, गोरखपुर जलाशयों के पक्की नहरीकरण कार्य, नर्मदा तट पर सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन कार्य, मूसरघाट से शहडोल मार्ग, समनापुर में तहसील कार्यालय का क्रियान्वयन, गौराकन्हारी में कन्या छात्रावास, नेवसा वाटरफॉल के समीप गाजर नदी पर बांध बनाये जाने की सौगात दी।

### हितग्राहियों को किया हितलाभ वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत राहुल केशरवानी को 2 करोड़ 27 लाख स्वीकृत राशि राइस मिल के लिए, सीसीएल के तहत मां नर्मदा आजीविका स्व सहायता समूह सहित 2482 स्व सहायता समूहों को 53 करोड़ 80 लाख की राशि, पीएमएफएमई योजना के तहत अमृता, संतोषी स्व सहायता समूह को फ्लोर मिल के लिए 7 लाख रूपए की राशि का हितलाभ वितरण मंच से किया गया।

# RAMP स्कीम के तहत MSME सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने और उनके व्यवसाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से श्रीमाया होटल डिंडौरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रेज़िंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (RAMP) स्कीम के अंतर्गत स्टेट नोडल एजेंसी (SNA), मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड (MPLUN) द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ज़ेड स्कीम और एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन स्कीम (MCLS) को लेकर जागरूकता बढ़ाना था, जिससे स्थानीय उद्यमी इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार कर सकें। कार्यशाला का शुभारंभ जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डिंडौरी के प्रबंधक श्री सोनलाल धुर्वे के स्वागत से हुआ। कार्यशाला में RAMP योजना के लाभों और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय उद्यमियों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित उद्यमियों से 21 मार्च को जबलपुर स्थित शॉन एलीज़े होटल में आयोजित IPO लिस्टिंग पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) की कार्यशाला में भाग लेने की अपील की। कार्यशाला में भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) के विशेषज्ञ श्री राजेश सरवटे ने ज़ेड (Zero Defect Zero Effect) योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस योजना के तहत मिलने वाले लाभों, प्रमाणन प्रक्रिया और उद्योगों के लिए इसके दीर्घकालिक प्रभावों पर चर्चा की। इसके अलावा, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (NPC) के सहायक निदेशक श्री नमन उपाध्याय ने एमएसएमई कॉम्पेटिटिव लीन स्कीम (MCLS) पर एक तकनीकी सत्र लिया। उन्होंने बताया कि इस योजना को अपनाने से उद्यमों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी और लागत में कमी आएगी, जिससे उनके व्यवसाय को प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलेगी। डिंडौरी जिले के विभिन्न उद्यमियों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया और ज़ेड एवं लीन स्कीम को लेकर गहरी रुचि दिखाई। उपस्थित उद्योगपतियों ने अन्य उद्यमियों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और अपने व्यवसायों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, डिंडौरी के अधिकारियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने इस कार्यशाला को MSME क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### भ्रष्टाचार के आरोपी कृषि विभाग का उपसंचालक निलंबित

**अनूपपुर।** प्रदेश शासन ने उपसंचालक कृषि अनूपपुर जिला मुख्यालय एन.डी.गुप्ता को निलंबित कर दिया। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल ने एन.डी.गुप्ता, उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा समिति,जिला अनूपपुर के विरूद्ध डी.एम.एफ.से प्राप्त राशि का दुरूपयोग पाए जाने के कारण कलेक्टर, जिला अनूपपुर म.प्र. के पत्र क्रमांक 3194/अ.कले./शिका./जॉच/2024, दिनांक 16/07/2024 द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

## प्रकृति की गोद में रंगोत्सव का आयोजन सराहनीय - कलेक्टर हर्षल पंचोली

**अनूपपुर।**

प्रकृति की गोद में होली मिलन का रंगोत्सव -2025 का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। ऐसे आयोजन से समाज में आपसी भाई चारा बढता है, स्नेह बढता है और यह विकसित अनूपपुर के लिये मददगार साबित होगा। अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा रंगपंचमी के पावन अवसर पर मिड वे ट्रीट किरर (राजेन्द्रग्राम) में जिला स्तरीय रंगोत्सव- 2025 का आयोजन 19 मार्च बुधवार की शायं किया गया। अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली के मुख्य आतिथ्य एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, समाजसेवियों एवं जिले भर से आए गणमान्य लोगों ने जम कर रंग - गुलाल लगाया और एक दूसरे को बधाईयां दीं। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों के समक्ष उपरोक्त विचार रखते हुए कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि जिला विकास मंच द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन सराहनीय है। ऐसे आयोजनों में आपसी संवाद और मेल जोल से समाज मे समरसता और आपसी भाई चारा को बढावा मिलने से छोटी मोटी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। उन्होंने रंगोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों और जिला वासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए जिले के विकास मे सहयोगी बनने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने रंगोत्सव 2025 के आयोजन के लिये जिला विकास मंच की सराहना करते हुए कहा कि सुरम्य स्थान पर होली मिलन का कार्यक्रम बेहतरीन आयोजन है। आप , हम सब लोग इसका आनंद लें। उन्होंने होलिका का उदाहरण देते हुए कहा कि आपके पास शक्ति हो और आपका भाई राजा हो और आप गलत रास्ते पर चलोगे तो सर्वनाश ही होगा। इसलिए कभी गलत रास्ते पर ना चलें। उन्होंने रंगोत्सव के माध्यम से जिला वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण करके एवं माथे पर रोली तिलक लगा कर किया गया। कलेक्टर श्री पंचोली और पुलिस अधीक्षक श्री रहमान के साथ सभी ने शालीनता और पूरे उल्हास के साथ गुलाल - अबीर लगा कर जमकर रगोत्सव मनाया। इस अवसर पर मेडियारास सुगम संगीत मंडली द्वारा आकर्षक और कर्ण प्रिय फाग गायन किया गया। कार्यक्रम मे सह भोज का आयोजन भी किया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने दी रंगपंचमी की बधाई

मप्र शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह एवं पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल सिंह विधानसभा सत्र के कारण भोपाल मे थे। इसी प्रकार से सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह दिल्ली में होने के कारण कार्यक्रम मे शामिल नही हो सके। उक्त जनप्रतिनिधियों ने जिला एवं क्षेत्र वासियों को रंगोत्सव रंगपंचमी की शुभकामनाएँ प्रदान की हैं ।

### रंगोत्सव में जमकर थिरके लोग

अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा आयोजित रंगोत्सव -2025 के रंगारंग कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी, तहसीलदार पुष्पराजगढ़ गौरीशंकर शर्मा, नायब तहसीलदार के पी मिश्रा, एरिया आर्गनाईजर जिला पंचायत संतोष करचाम, थाना प्रभारी वीरेन्द्र वरकडे, जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, रंजीत सर्राटी, नगरपालिका अध्यक्ष सुनील चौरसिया,भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, जितेन्द्र सोनी, जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम चंद यादव, जिला विकास मंच के संयोजक मनोज द्विवेदी, डा देवेन्द्र तिवारी, अमरकंटक मृत्युंजय सेवा आश्रम से समाजसेवी योगेश दुबे जी, राधेश्याम उपाध्याय, श्रवण उपाध्याय, डा देवेन्द्र तिवारी, मनोज मिश्रा, शिवरतन वर्मा, दीपक पटेल, रामनारायण उर्मलिया, अरविन्द मिश्रा, कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, वेद प्रकाश द्विवेदी, डा राज पाण्डेय, सुभाष मिश्रा, सुनील पप्पू कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा, प्रियम शुक्ला, जीवेन्द्र मानू तिवारी, आदर्श मिश्रा श्यामनारायण राठौर , भूपेंद्र कुशवाहा , राजेश वर्मा मण्डल अध्यक्ष कोतमा ग्रामीण, लक्ष्मी चौधरी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति,दिलीप सिंह, शिवेंद्र सिंह, नितिन सिरौटिया, जीतेंद्र भट्ट , नान्हू गुप्ता, टिंकू उपाध्याय, अशोक केशरवानी, उमाशंकर पटेल, जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शिवहरे, मनोज शुक्ला, राजेश शुक्ला, रामबाबू चौबे, आदर्श दुबे, राजेश शुक्ला, राजेश पयासी, चैतन्य मिश्रा, अमित शुक्ला, रमाकांत शुक्ला, आकाश नामदेव, अमित श्रीवास्तव, रजनीश तिवारी, उमाशंकर पटेल, नीरज द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, अबीर, गुलाल लगाते हुए सभी लोग जमकर थिरके।

## खबर संक्षेप

### अचानक बिगड़ा मौसम का मिजाज, किसान लगे उपज तैयार करने

तेंदूखेड़ा। गुरुवार को अचानक बिगड़े मौसम के मिजाज से जहां किसानों की चिंतायें बढ़ गई है वहीं किसान खेतों में पकी और कटी पड़ी कृषि उपज को तैयार करने से लेकर उसे सुरक्षित ले जाने की दिशा में संलग्न हो गया है। आनन-फानन मजदूर ना मिलने की स्थिति में हार्वेस्टरों से उपज तैयार कराई जा रही है।इन दिनों सर्वाधिक चना मसूर बटरी की फसल कट चुकी है । गेंहू की अधिकांश फसल कटना बाकी रह गई है यदि हवा ओला वारिस होती है तो परेशानी हो सकती है। किसान दिन रात एक करके उपज तैयार करने सुरक्षित घर ले जाने के लिए मुस्तैद बना हुआ है

### भैंस ने 6 पैर 2 मुंह वाले बच्चे को दिया जन्म

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस नयाखेड़ा गांव मे किसान सुमित पटेल के घर पर भैंस ने बच्चे को जन्म दिया जिसे देखने के लिये लोगों की भीड़ हो रही है। किसान सुमित ने बताया कि भैंस द्वारा एक बच्चे को जन्म दिया जिसके 6 पैर व 2 सिर है। जिसकी जानकारी लगते ही लोग देखने के लिये आए। हालांकि कुछ घंटो बाद भैंस के बच्चे की मौत हो गई। लेकिन भैंस द्वारा विचित्र बच्चें को देखने के लिये दूर दूर से लोग पहुंच रहे है।

### पति के खिलाफ महिला ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस पीड़ित महिला द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। उक्त संबंध मे बताया गया कि पति द्वारा मारपीट की जाति तथा प्रताड़ित किया जाता है। महिला द्वारा आवेदन मे बताया गया है कि पति का दूसरी महिला से संबंध है जिसका विरोध करने पर मारपीट की जाती है। महिला द्वारा आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### जमीनी मामले विवाद दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस किसानी निवासी व्यक्ति द्वारा प्लाट का विक्रय किया गया। जिसकी कार्रवाई की जा चुकी है। उक्त प्लाट को पीड़ित प्रकाश बैरागी द्वारा 4 लाख रूपये मे विक्रय किया गया था लेकिन क्रेता रमेश मलाह द्वारा उक्त प्लाट को पुनः 6 लाख रूपये मे वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्लाट वापस ना लेने पर झूठे मामले मे फसाने का दबाव बनाया जा रहा जिससे पीड़ित होकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### फांसी लगाकर व्यक्ति ने आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज निवासी व्यक्ति द्वारा अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना स्टेशन गंज अंतर्गत गया दत्त वार्ड निवासी कमलेश पटेल पिता सुरेश कुमार पटेल उम्र 40 वर्ष द्वारा अपने ही घर पर फांसी लगा ली जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।

### आशा ऊषा सहयोगियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गुरुवार को जिले मे कार्यरत आशा उषा सहयोगिनियों द्वारा कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर कार्रवाई मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वेतन वृद्धि अन्य मांगों को लेकर प्रशासन द्वारा गुमराह किया जा रहा है। यदि संबंध में शीघ्र कार्रवाई नही की गई तो शीघ्र ही हड़ताल की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा उक्त संबंध में क्या कार्रवाई की जाती है।

### नाले पर अतिक्रमण दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस महाजनी वार्ड निवासी महिलाओं द्वारा जिला प्रशासन के नाम शिकायती आवेदन दिया गया। जिसमें बताया गया कि स्थानीय व्यक्तियों द्वारा नाले पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया। उक्त निर्माण के कारण रहवासी क्षेत्र मे पानी का भराव होता है जिससे निवासियों को परेशानी हो रही है। वही मोहल्ले मे गंदगी व बदबू भी फैल रही है। महिलाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।

## 6 माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

# चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीते दिनों थाना क्षेत्र कोतवाली के धनारे कालोनी गली नंबर 3 में हुई 30 लाख की चोरी के मामले मे अभी पुलिस के हाथ खाली ही नजर आ रहे है वही पीड़ति परिवार प्रशासन के चैखट पर ऐड़ियां रगड़ रहा है। पीड़ति द्वारा बताया गया कि उक्त संबंध मे कई बार पुलिस को आवेदन दिया जा चुका है लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की गई। हालांकि बीते कुछ समय से पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है और लोग पुलिस पर टिप्पणी करते हुए नजर आते है।





### मामला इस प्रकार

विधा वाई पति सत्यनारायण पटेल द्वारा आवेदन मे बताया गया है कि 11 अगस्त की दरम्यानी रात को हुई चोरी की रिपोर्ट मेरे पुत्र विकास पटेल के द्वारा 12 अगस्त 2024 की गई थी जिसमें लगभग लगभग 37 तोला सोना व चांदी की दो जोड़ी पायल चुडे लगभग वर्तमान कीमत 25 लाख व नगदी दो लाख की चोरी हुई थी जिसकी पुलिस द्वारा दो लाख की चोरी होना दर्ज किया गया। पुलिस से कहा गया कि चोरी ज्यादा की हुई है तब भी पुलिस द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया। घटना दिनांक को घर के आसपास कुछ संदिग्ध व्यक्ति भी देखे गये थे जिनकी फोटो वीडियो भी बनाई गई है। जो पुलिस को दी जा चुकी है। जिसमें चोरों के स्पष्ट चेहरे देखे गये। जिसके आधार पर पुलिस द्वारा चोरों की पहचान की गई जिसमें शुभज जायसवाल व कन्हैया सोनी जबलपुर के बताये गये है जिनमें शुभम जैसवाल को पकडकर लगभग 9 तोला सोने के व कुछ चांदी के जेवरात बरामद किये गये जो 16 व 18 केरेट के है।

### जेवरात मे है अंतर

पीड़ति महिला द्वारा अपने आवेदन मे बताया गया है कि पुलिस द्वारा आरोपी से जब्त किये गये गहनों की जांच कराने पर पता चला कि हमारे जेवर व उक्त जेवर मे अंतर है। जो जेवरात लाये गये हैं उनमे 4 नग चूढी पेंडल 3 नग अंगूठी 3 नग मंगल सूत्र, बाजू बंद, गुरिया 4 सोने के जो की पकडे गये है हमारे जेवरात से कम वजन के भी हैं जिससे हम संतुष्ट नहीं है। बाकी और जेवरात को दूसरे चोर के पास बताया जा रहा है जिसको 6 माह से अधिक समय होने के बाद भी पकड़ा नहीं जा रहा है एवं घर के आस पास घूम रहे संदिग्ध जो जाते समय हमारे फोटो खींच रहा था जिससे भी पूछताछ व कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### पुलिस बना रही दबाव

महिला द्वारा दिये गये आवेदन मे बताया गया है कि उक्त मामले मे कार्रवाई हेतु मेरे द्वारा सीएम हेल्प लाइन भी की गई है जिसे उठाने के लिए पुलिस द्वारा दबाव बनाया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हूं उक्त घटना से मेरा परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। वही पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही की जा रही है। अपनी पीड़ा को लेकर परिजन आये दिन प्रशासन के सामने ऐड़ियां रगड़ने को मजबूर है प्रशासन को चाहिये की जांच पड़ताल कर ठोस कार्रवाई करे जिससे पीड़ति परिवार को उचित न्याय मिल सकें। हालाकि जिले मे अपराधों पर लगाम लगाने के लिये पुलिस द्वारा निरंत प्रयास किये जा रहे है लेकिन पुलिस लगाम लगाने मे सफल नही हो पा रही है। वही आये दिन घटनाएं बढ़ती जा रही है जो पुलिस व आमजनता के लिए चिंता का विषय है।

## विजयदत्त श्रीधर साहित्य वाचस्पति सम्मान से होंगे सम्मानित होंगे



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारत में हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग का 76वां अधिवेशन 21-23 मार्च को आणंद, गुजरात में होने जा रहा है। अधिवेशन के अंतर्गत 22 मार्च को आयोजित 'राष्ट्रभाषा परिषद' के सभापति का दायित्व सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर को सौंपा गया है। 23 मार्च को अधिवेशन के समापन समारोह में श्री श्रीधर को सम्मेलन की सर्वोच्च उपाधि'साहित्य वाचस्पति सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय की श्री श्रीधर नरसिंहपुर जिले के निवासी हैं सप्रे संग्रहालय के निदेशक अरविंद श्रीधर ने बताया कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की स्थापना महामना पं. मदनमोहन मालवीय की अध्यक्षता में सन 1910 में हुई। राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन सम्मेलन के प्रधानमंत्री थे। महात्मा गांधी, डा. राजेन्द्र प्रसाद, गणेश शंकर विद्यार्थी प्रभृति महापुरुषों ने सम्मेलन की अध्यक्षता कर उसके उद्देश्यों को वरीयता और गौरव प्रदान किया।

## युवा संसद कार्यक्रम, 80 प्रतिभागी होंगे चयनित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में 25 मार्च को होगा। जिसमे 18 से 25 वर्ष के युवाओं को युवा संसद 2025 के माध्यम से विधानसभा व संसद में बोलने का अवसर मिलने जा रहा है। जिला स्तरीय आयोजन के लिए 80 युवाओं का चयन किया गया है। छिन्दवाड़ा एवं नरसिंहपुर के लिए नरसिंहपुर पीजी कॉलेज को नोडल बनाया गया है। युवा संसद में चयनित युवाओं को 'एक देश-एक चुनाव' विषय पर बोलना है। यहाँ से चयनित 10 युवाओं को विधानसभा भोपाल में बोलने का अवसर मिलेगा। नोडल अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार कार्यक्रम की तैयारी हो चुकी है। इसके लिए स्थानीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आगामी 25 मार्च को कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के लिए 80 प्रतिभागियों को स्क्रीनिंग समिति द्वारा चयन किया गया है। उक्त दो जिलों के 135 प्रतिभागियों ने 03 मार्च से 16 मार्च के बीच माय भारत पोर्टल पर अपना एक मिनट का विडियो बनाकर अपलोड किया था। तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग समिति ने 135 प्रतिभागियों में से 80 का चयन किया। अब फाइनल राउंड के चयन के लिए 25 मार्च को पीजी कॉलेज में कार्यक्रम होगा। सभी 80 प्रतिभागी युवाओं को जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मेल व व्हाट्सएप ग्रुप से सूचना दी जा रही है।

### टीबी के प्रति नागरिकों में लाई जा रही जागरूकता



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय अभियान का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करेली द्वारा करेली ब्लॉक में नागरिकों को जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टीशर्ट का निशुल्क वितरण किया गया। यह टीशर्ट का वितरण सीबीएमओ डॉ. अदिति धुर्वे एवं एमओ डॉ. आदित्य नेमा व अन्य स्टाफ की मौजूदगी में किया गया।

### चांवरपाठा में लगाया जाएगा रोजगार पंजीयन शिविर

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। जिले में सुरक्षा जवान व सुपरवाईजर के 500 पदों पर भर्ती के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन विकासखंड स्तर पर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय जनपद पंचायत चावरपाठा में 21 मार्च को प्रात 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त पदों की भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं से स्नातक होनी चाहिये। साथ ही शारीरिक मापदंड, 18 से 35 वर्ष की आयु, 167.5 सेमी, 56- 90 किग्रा वजन और 80 से 85 सेमी छाती होना आवश्यक है। शेष शर्तें भर्ती अधिकारी एवं कंपनी के मापदंड के अनुसार लागू होंगे।

## मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा जोड़ों, हड्डियों और मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु निशुल्क ओस्टियोपैथी दर्द निवारक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 25, 26 और 27 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नरसिंहपुर स्थित आयुष चिकित्सालय, झिरना रोड पर आयोजित होगा। शिविर का संचालन जोधपुर के सुप्रसिद्ध ओस्टियोपैथिक एवं आयुर्वेद रत्न डॉ. नंदकिशोर पाराशर और उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा किया जाएगा। जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर उन मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगा जो वर्षों से गर्दन व कमर दर्द, घुटने के दर्द, फ्रोजन शोल्डर, स्लिप डिस्क, रीढ़ की हड्डी की समस्याएं, माइग्रेन, स्पॉन्डिलाइटिस व मांसपेशियों के दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। इस चिकित्सा पद्धति में बिना किसी दवा और ऑपरेशन के प्राकृतिक तरीके से इलाज किया जाएगा, जिससे मरीजों को स्थायी राहत मिलेगी। शिविर में भाग लेने वाले मरीजों को 22 मार्च रजिस्ट्रेशन कराना होगा।



### वीरांगना रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। अवंतीबाई का स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदानरू जालम सिंह गोटेगांव नगर की नई कृषि उपज मंडी में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि रानी अवंती बाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ वीरतापूर्वक संघर्ष किया और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उनका साहस, संघर्ष और बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में अंकित है। गोटेगांव में कार्यक्रम के उपरांत जालम सिंह पटेल डिंडोरी जिले में आयोजित वीरांगना रानी अवंती बाई बलिदान दिवस कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए और वहां भी रानी अवंतीबाई के बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी सरदार सिंह पटेल, विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, सांसद प्रतिनिधि पंकज चौक से निधान सिंह पटेल, हेमंत पटेल सहित वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रासेयो इकाई द्वारा शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई का सात दिवसीय इकाई शिविर का आयोजन जबलपुर के भेड़ाघाट में किया जा रहा है जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय नरसिंहपुर जिले से सात स्वयंसेवक शिविर में सहभागिता के लिए रवाना हुए सातों स्वयंसेवक जिनमें कविता यादव , नंदिनी ठाकुर, मनीष राजपूत, रोहित नौरिया, वेदांत दुबे, बृजेश चैधरी दिनेश अग्रवाल शामिल हैं, इन स्वयंसेवकों को जिला दलनायक गणेश प्रजापति एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक आशुतोष मेहरा के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं इस अवसर पर शिखा वर्मा, राशिका चैरसिया, श्रुति गुप्ता, सुहानी यादव , सुजीता वर्मा, द्वारा शिविर में सहभागिता की जा रही है।

## हत्या के आरोपी पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर केवलारी में पुरानी पारिवारिक रंजीश के चलते चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की गई। प्रार्थिया संध्या जंघेला पति चन्द्रशेखर कुशवाह उम्र 23 साल निवासी रमपुरा हाल निवासी केवलारी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 18/03/2025 के रात्रि करीब 08/00 बजे की बात है परिवार के साथ घर में थी उसी समय मेरी सौतेली मां श्यामा बाई का लडक़ा भीम जंघेला आया और पुराना जमीनी विवाद को लेकर गाली गुप्तार कर प्रार्थिया को चेहरे पर हाथ थप्पड़ व मिट्टी के ढेला फेककर मारा फिर चुल्हे के पास रखा हसिया उठाकर फेंककर मारा इसके बाद प्रार्थिया के पति चन्द्रशेखर को लकड़ी से मारने पर मामा पन्नालाल जंघेला बीच बचाव किया फिर भीम जंघेला अपने घर चला गया प्रार्थी पक्ष डर के कारण घर के पास रहने वाले कृष्णकुमार नंदे के मकान के सामने जाकर खड़े हो गये, करीब 10-15 मिनट बाद भीम जंघेला अपने घर से हाथ में चाकू लेकर अपनी मां श्यामा बाई और बहन रामकुमारी के साथ आया और प्रार्थिया, प्रार्थिया के पति चन्द्रशेखर, मां फूलवती बाई व पन्नालाल जंघेला को मां बहन को गंदी गंदी गालिया देकर मारपीट करने लगे तथा भीम जंघेला ने श्यामा बाई और रामकुमारी की मदद से पन्नालाल जंघेला को पीठ में चाकू मारकर हत्या कर दिया है जिस पर केवलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मामला संज्ञान में लेते हुए प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर द्वारा प्रकरण के आरोपियों भीम उर्फ सुशील जंघेला, श्याम बाई जंघेला, रामकुमारी वर्मा को दस्तयाब कर मेमोरेण्डम लेख किया गया। आरोपी भीम जंघेला के मेमोरेण्डम तस्दीक में आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया, बाद आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड प्राप्त की गई है।

ज्ञातव्य हो की प्रकरण का आरोपी भीम जंघेला पूर्व से ही आपराधिक व खुंखार प्रवृत्ति हैं, इसके पूर्व में भी केवलारी पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपियों मे भीम उर्फ सुशील जंघेला पिता तुलसीराम जंघेला उम्र 37 साल, श्याम बाई पति तुलसीराम जंघेला उम्र 56 साल, रामकुमारी वर्मा सभी निवासी लोधी मोहल्ला केवलारी जप्ती सामग्री घटना में प्रयुक्त चाकू, हसिया , एक अधजली लकड़ी।

## भू-माफिया का जाल, महिला शक्ति पर प्रहार, विकास बेहाल

लखनादौन नगर पंचायत परिषद में विकास कार्यों को लेकर जारी घमासान अब एक नए मोड़ पर आ गया है। यह सिर्फ पार्षद और अध्यक्ष के बीच की लड़ाई नहीं रही, बल्कि महिला शक्ति और पुरुष वर्चस्व के बीच का संघर्ष बन गई है। समाचार लेखक के अनुसार, नगर पंचायत में महिला जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संख्या अधिक होने के बावजूद, पुरुष प्रधान मानसिकता के चलते उनके कार्यों में लगातार बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं।

हरिभूमि न्यूजःलखनादौन।

लखनादौन शहर अतिक्रमण के नागपाश में जकड़ा हुआ है, प्रशासन गहरी निद्रा में लीन है। बस स्टैंड से लेकर मुख्य चौराहों तक अतिक्रमणकारियों का राज है। शहर की सुंदरता धूल में मिल रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारी और अध्यक्ष इस अवैध धंधे को रोकने में असफल रहे हैं। प्रशासन की चुप्पी से जनता में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

जिला कलेक्टर से लेकर बड़े-बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक पदों पर महिलाओं के नेतृत्व में कार्य हो रहे हैं, फिर लखनादौन नगर पंचायत में महिला जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को क्यों उनके कार्य करने से रोका जा रहा है? क्या यह पुरुष प्रधान मानसिकता का द्योतक नहीं है? क्या यही है लोकतंत्र का असली चेहरा?

विकास कार्यों में बाधाः स्वार्थ या सेवा

पार्षद और पार्षद पतियों का आरोप है कि अध्यक्ष और उनके पुत्र मनमानी कर रहे हैं, ठेकेदारों को काम करने में रुकावट डाली जा रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, अध्यक्ष पक्ष का कहना है कि पार्षद और पार्षद पति बेवजह कार्यों में अड़ंगा डाल रहे हैं और विकास को बाधित कर रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी परेशान किया जा रहा है, सूचना के अधिकार का दुरुपयोग करके दबाव बनाया जा रहा है। कुछ पार्षदों और पार्षद पतियों पर आपराधिक गतिविधियों और माफिया होने के भी आरोप हैं। भू-माफियाओं के द्वारा अनाप-शनाप कुंठित मानसिकता से रचित षड्यंत्र रचे जा रहे हैं।सवाल यह उठता है कि जनता द्वारा निर्वाचित इन जनप्रतिनिधियों का अपने कर्तव्यों से मुंह मोडना क्या लोकतंत्र का अपमान नहीं है? क्या राजनीति का उद्देश्य सिर्फ स्वार्थ और लालच की पूर्ति करना रह गया है? जनता अब कब तक इस तमाशे को देखती रहेगी?जनता की पीड़ाः कौन सुनेगा इनकी चीख

इस सियासी लड़ाई में सबसे यादा नुकसान आम जनता का हो रहा है। मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोग तरस रहे हैं। नाली, सडक, पानी और बिजली जैसी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। शहर में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की समस्या भी बढ़ती जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

पार्षदों और पार्षद पतियों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने पूर्व में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की भी जांच की मांग की है। हालांकि, अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

मीडिया की भूमिकाः निष्पक्षता पर सवाल

कुछ मीडियाकर्मियों पर भी विरोधी पार्षद पतियों, पार्षदों और भू-माफियाओं के साथ मिले होने का आरोप लगाया गया है। इससे मीडिया की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

अध्यक्ष पुत्र पर भू-माफिया से संबंध का आरोपः क्या यही है विकास का मॉडल

अध्यक्ष पुत्र और कुछ पार्षद पतियों पर भू-माफियाओं के साथ संबंध होने और अवैध कॉलोनियों का निर्माण करने का आरोप भी है। इससे नगर विकास निकाय की सीमित आय प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों में बाधा आ रही है। क्या यही है विकास का मॉडल?प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन तो दिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जनता को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

जनता की आसः क्या बदलेगी तस्वीर

लखनादौन की जनता अब जनप्रतिनिधियों से विकास की उम्मीद लगाए बैठी है। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही आपसी विवाद सुलझेंगे और शहर का विकास पटरी पर लौटेगा। जनता को यह भी उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### जिला चिकित्सालय नसबंदी शिविर आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरूष नसबंदी-एनसीवीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किये गये हैं। इसी क्रम में 21 मार्च को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरुष नसबंदी-एनसीवीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### मूल्यांकन कार्यों में लापरवाही को लेकर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए मूल्यांकनकर्ताओं के रूप में नियुक्त शिक्षकों द्वारा अनुपस्थिति को मूल्यांकन कार्यों में व्यवधान मानते हुए कुल 51 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जारी नोटिस का जवाब समाधान कारक न होने की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।